सुविचार



अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली के प्रमुख समाचार

बरेली, सोमवार, 28 जुलाई 2025

PAGE NO. 4: MIDDLE

# हर समस्या से लड़ने का संदेश देता है भंवर नाटक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रिद्धिमा में कलाकारों ने नाटक का मंचन किया

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम नाटक भंवर का मंचन हुआ। डॉ. प्रभाकर गुप्ता द्वारा नाट्य रूपांतरित नाटक के संवाद अश्वनी कुमार ने लिखे और निर्देशन विनायक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

कहानी शहर में नौकरी करने आई तान्या के इर्द गिर्द घूमती है, जो कर्ज से परेशान होकर फांसी लगा जान देने की तैयारी कर रही होती है। तभी दरवाजे की घंटी बजती है। वह दरवाजा खोलती है और सामने एक डिलीवरी ब्वॉय होता है। तान्या अनमने मन से उससे पार्सल लेती है और उसे वापस जाने को कहती है। लड़का प्यास लगने के कारण तान्या से पानी मांगता है। तान्या पानी लेने जाती है, तभी लड़के की नजर कमरे में लगे पंखे से लटक रहे फांसी के फंदे पर पड़ती है। लड़का तान्या से फांसी की वजह जानना चाहता है। तान्या बताती है कि वो लोन न चुका पाने के कारण फांसी लगाने जा रही है। कैसे पढ़ाई लिखाई के बाद छोटे शहर से निकल बड़े शहर में उसको नौकरी मिली। तान्या का बॉस देवराज उसे नौकरी से निकाल देता है। तान्या बैंक की किस्त नहीं दे पाती है। नाटक हर समस्या से लड़ने का संदेश देकर समाप्त हो जाता है। इसमें तान्या का मुख्य किरदार हरीम फातिमा और शहजिन खान ने निभाया। गौरव कार्की, सौरभ रस्तोगी, विधा गंगवार, हर्ष यादव, शिल्पा शर्मा, चंपा उपाध्याय, आशीष और विनायक श्रीवास्तव ने भी अभिनय किया। अनमोल मिश्रा सूत्रधार के रूप में दिखे। सूर्यकांत चौधरी, विशेष सिंह, और अनुग्रह सिंह ने वाद्ययंत्रों के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. मनोज टांगड़ी, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. रीटा शर्मा मौजूद रहे।



नाटक का मंचन करते कलाकार।